# भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान कानपुर

## सम्पदा कार्यालय

**कक्ष सं. 101, संकाय भवन** **फोन नं. 0512-259-7166, 7327**

**<u>निविदा सूचना संख्या: 20/2019-20 दिनांक 27.11.2019</u>**

सम्पदा अधिकारी, भा.प्रौ.सं. कानपुर, संचालक मण्डल की ओर से **संस्थान के संकाय भवन एवं परिसरवासियों का घरेलू उपयोग किया गया सामान, रद्‌दी कबाड़ इत्यादि के कय करने हेतु** योग्य एवं पंजीकृत ठेकेदारों को सूचीबद्ध करने लिये निविदा आंमत्रित करते है।

निविदादाता द्वारा पूर्ण रूप से भरे गए मुहरबंद निविदा प्रपत्र को संस्थान के सम्पदा कार्यालय में दिनांक 11.12.2019 को अपरान्ह 3:00 बजे तक जमा **किया जा सकता** है। प्राप्त निविदाएॅ उसी दिन अर्थात दिनांक 11.12.2019 को अपरान्ह 4:00 बजे निविदा समिति के समक्ष, सम्पदा कार्यालय, संकाय भवन, आई.आई.टी. कानपुर में खोली जाएंगी। निविदादाता या अधिकृत प्रतिनिधि, निविदा समिति के समक्ष (रद्‌दी व कबाड़ की खरीद की कार्यप्रणाली से संबंधित महत्वपूर्ण प्रश्नों का संतोषजनक उत्तर देने के लिए) उपस्थित रहेंगे।

तकनीकी रूप से योग्य निविदाओं की वित्तीय **बोलियाँ** (Financial bids) **उसी दिन अर्थात** 11.12.2019 **को अपराह्न** 4.30 **बजे खोली जाएगी।**

तकनीकी बोली तथा वित्तीय बोली (अनुलग्नक–1) को पृथक–पृथक लिफाफे में रखा जाना चाहिए।

वित्तीय बोली वाले लिफाफे के ऊपर **'रद्‌दी–कबाड़ खरीद के लिये वित्तीय बोली'** लिखा होना चाहिए। यदि तकनीकी और वित्तीय बोली एक ही लिफाफे में पाये गए तो उस निविदा को **रद्द** कर दिया जायेगा।

निविदा प्रपत्र संस्थान की वेबसाइट www.iitk.ac.in/estateoffice/tender से डाउनलोड किया जा सकता है।

संस्थान किसी भी निविदा को बिना कारण बताए स्वीकार/अस्वीकार करने का **पूर्ण** अधिकार है।

**सहायक कुलसचिव एवं**
**प्रभारी अधिकारी सम्पदा कार्यालय**

**<u>पात्रता सम्बन्धी शर्ते :–</u>**

1. निविदाकार पिछले तीन वर्षों से यह कार्य कर रहा हो।
2. रद्दी–कबाड़ खरीद कार्य को सुचारू रूप से चलाने के लिए निविदादाता की वित्तीय स्थिति बेहतर होनी चाहिए।
3. जी0एस0टी0 पंजीकरण प्रमाण पत्र/घोषणा पत्र।
4. **पुलिस सत्यापन प्रमाणपत्र ( Police Verification Certificate) जो की सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी किया गया हो जिसमे निविदादाता के विरुद्ध कोई आपराधिक मुकदमा दर्ज अथवा लंबित न हो तथा साथ ही कानूनन किसी दंडनीय अपराध के लिए दोषी घोषित नहीं किया गया हो।**

**<u>निविदा सम्बन्धित अनिवार्य संलग्नकः</u>**

1. आधार कार्ड की प्रति
2. अनुभव प्रमाण पत्र
3. पिछले एक साल का बैंक विवरण
4. आयकर पंजीकरण प्रमाणपत्र/पैन नम्बर
5. फर्म की दशा में पंजीकरण प्रमाण पत्र
6. **पुलिस सत्यापन प्रमाणपत्र** (Police Verification Certificate)
7. अन्य वैधानिक पंजीकरण/लाइसेंस, यदि कोई हो।

# निविदा की नियम व शर्ते

संस्थान परिसर से पुराने हिन्दी एवं अंग्रेजी समाचार पत्र, पत्रिकाएं, खाली शीशियां, टीन के डिब्बे व अन्य विविध घरेलू सामान के ठेका हेतु निविदा के नियम व शर्तें **निम्नलिखित है।**

1. **अनुज्ञप्ति की अवधि आवंटन की तिथि से दो वर्षो के लिए मान्य होगी।**
2. **निविदा में भाग लेने के इच्छुक निविदादाता , निविदा प्रपत्र के साथ ₹10,000/- का बैंक ड्राफ्ट 'कुलसचिव, भा.प्रौ.सं. ,कानपुर' के नाम बयाने के रूप में संलग्न करना अनिवार्य है। जो भी निविदादाता ₹10,000/- का बैंक ड्राफ्ट बयाने की राशि के रूप मे संलग्न नहीं करेगा उसकी निविदा पर विचार नहीं किया जाएगा।**
3. **सफल निविदादाता को अनुज्ञप्ति आवंटित होने पर ₹25,000/- की धरोहर राशि एफ़.डी.आर. के रूप में 'कुलसचिव, भा.प्रौ.सं. ,कानपुर' के नाम से जमा करना अनिवार्य होगा। अन्यथा की स्थिति अनुज्ञप्ति आवंटन रद्द कर दिया जाएगा।**
4. अनुज्ञप्ति धारक को यह अधिकार होगा कि वह इस तरह की खरीद स्वयं करें या उसके द्वारा लिखितरूप में अधिकार प्राप्त प्रतिनिधि करे। अनुज्ञप्ति धारक सभी प्रकार की सामग्री की खरीद के लिए केवल मात्र पॉच व्यक्ति ही नामांकन कर सकता हैं। सस्थान के संपदा कार्यालय से उसके लिए प्रवेश पत्र जारी कराना उनका अपना अनिवार्य दायित्व है।
5. अनुज्ञप्ति धारक या उसके अधिकार प्राप्त प्रतिनिधि को सप्ताह के सभी दिनों में केवल प्रातः 9:00 बजे से सॉय 7:00 बजे तक ही कैम्पस परिधि में प्रवेश का अधिकार होगा।
6. संस्थान के पास किसी भी निविदा को बिना कारण बताये स्वीकृत/अस्वीकृत करने का पूर्ण अधिकार सुरक्षित है।
7. संविदा को उसकी अवधि के बीच में किसी भी समय बगैर किसी कारण बताये रद्द किया जा सकता है। यदि अनुज्ञप्ति धारक में किसी भी प्रकार का दोष पाया जाता है तो जमा की गई सम्पूर्ण धनराशि जब्त कर ली जायेगी और संस्थान को अधिकार होगा कि वह किसी अन्य व्यक्ति हो अनुज्ञप्ति पत्र प्रदान कर दें।
8. अनुज्ञप्ति धारक द्वारा नियम एवं शर्तों का उल्लघन करने पर जैसे उचित मूल्य न देना, तौलने में हेराफेरी करना या चोरी इत्यादि का दोषी पाया जाता है तो ऐसी दशा में अनुज्ञप्ति को रद्द कर सम्पूर्ण धरोहर राशि जब्त कर ली जायेगी और संस्थान को अधिकार होगा की वह किसी अन्य व्यक्ति को अनुज्ञप्ति प्रदान कर दे। किसी भी वाद में संस्थान निदेशक का निर्णय अंतिम तथा मान्य होगा।
9. अनुज्ञप्ति धारक बांट एवं तौल नियंत्रक द्वारा अनुमोदित मानक वाले बांट ही खरीद के लिए सदैव प्रयोग करेगा।
10. तौल के लिए प्रमाणित बनावट के तौल उपकरण का ही उपयोग किया जाएगा।
11. तौल के लिए तौल उपकरण व बांट अनुज्ञप्ति धारक को स्वंय लाना होगा।
12. परिसरवासियों से खरीद के समय ठेले पर अनुमोदित दरें सुचारू रूप से प्रदर्शित रहना चाहिए। प्रत्येक ठेलिया चालक को निर्धारित 'पास' बनवाना होगा।
13. अनुज्ञप्ति धारक अनुज्ञप्ति में दी गई निर्धारित दरों पर ही खरीद करेगा।
14. अनुज्ञप्ति धारक कैम्पस के अन्दर कोई सामान या वस्तुएं नहीं रख सकेगा और न ही उसे कैम्पस में किसी भी प्रकार के भण्डारण करने की छूट होगी। यद्यपि सारे दिन में खरीदा गया रद्दी /कबाड़ को संस्थान में एक जगह इकट्ठा करने हेतु स्थान निर्धारित किया जायेगा जिसके बावत् उसे प्रतिमाह 7 तारीख तक ₹1,500/– अनुज्ञा शुल्क तथा ₹500/– प्रतिमाह

सफाई शुल्क के रूप में संस्थान को भुगतान करना होगा एवं शाम को समस्त कबाड़ संस्थान से बाहर ले जाना होगा।

15. किसी भी प्रकार के विवाद का निपटारा मात्र कानपुर न्यायालय के अधिकार क्षेत्र तक ही सीमित होगा।
16. निविदा की स्वीकृति के सम्बन्ध में निर्णय सामग्री तथा वस्तुओं की अधिकतम दरों के आधार पर लिया जायेगा।
17. निविदा की दरे अंको एवं शब्दों में साफ साफ लिखना अनिवार्य है।
18. पुस्तकालय, स्वास्थ्य केन्द्र एवं जे0ई0ई0 आफिस के रद्दी व कबाड़ को ले जाने से पूर्व तौल के हिसाब से धनराशि जमा करना अनिवार्य है तथा उसके पश्चात् ही सामान को बाहर लें जाने की अनुमति प्रदान की जायेगीं।
19. निविदादाता उपरोक्त सभी नियम व शर्तों को ध्यान में रखकर निविदा भरेगा किसी भी प्रकार की त्रुटि एवं अपूर्ण निविदा के लिए संस्थान प्रशासन उत्तरदायी नहीं होगा। निविदादाता इस व्यवहारिक त्रुटि के लिए स्वयं उत्तरदायी होगा।
20. अवयस्क व्यक्ति निविदा देने का पात्र नहीं होगा एवं ऐसी सभी निविदायें प्रारम्भ से ही अमान्य समझी जायेंगी तथा ऐसी अवस्था में सम्पूर्ण धरोहर धनराशि जब्त कर ली जायेगी।
21. निविदादाता को एवं उसके कर्मचारियों को केवल आई0आई0टी0 मेन गेट से सामान ले जाने की स्वीकृति दी जायेगी। बारासिरोही, नानकारी या किसी भी अन्य गेट से सामान ले जाने की अनुमति नही दी जायेगी।
22. संविदा मिलने पर संस्थान द्वारा लिये गये सभी निर्णय मुझे पूर्णतया मान्य होगे तथा मै साधारतया उस विषय में किसी भी प्रकार की आपत्ति उठाने के लिये अधिकृत नही होउंगा।

यदि किसी निविदादाता को निविदा आबंटित करने के तदुपरान्त संस्थान के संज्ञान में यह आता है कि सम्बन्धित ठेकेदार पात्रता से सम्बन्धित शर्तों को पूरा नही करता है तो निविदा आंबटन को तत्काल प्रभाव से रद्द करने के साथ ही जमा शुल्क को भी जब्त कर लिया जायेगा।

— ह0 —
**सहायक कुलसचिव एवं**
**प्रभारी अधिकारी सम्पदा कार्यालय**

मैने उपरोक्त सभी नियम एवं शर्ते पढ़ ली हैं तथा यह सभी मुझे पूर्णतया मान्य है।

निविदा देने की तारीख : ........................

| |
|---|
| निविदादाता की छायाप्रति |

**निविदादाता के हस्ताक्षर**......................................

निविदादाता का पूरा नाम व पता
(पिन कोड एवं फोन/मोबाइल नं0 सहित)
..............................................................................
..............................................................................
..............................................................................

प्रभारी,
सम्पदा कार्यालय
भा0 प्रौ0 सं0, कानपुर।

विषयः— रद्‌दी कबाड़ का ठेका हेतु निविदा प्रपत्र।

महोदय,

मै निविदा सूचना सं0 20/2019-20 **दिनांक** 27.11.2019 के सम्बन्ध में अपनी निविदा आपके विचारार्थ प्रस्तुत करता हूँ।

| | | |
|---|---|---|
| नाम | : | ........................................................................................................ |
| पिता का नाम | : | ........................................................................................................ |
| जन्मतिथि | : | ........................................................................................................ |
| पूरा पता | : | ........................................................................................................ |
| | | ........................................................................................................ |

**क्या आपने ₹10,000/- का बैंक ड्राफ्ट बयाने की राशि के रूप मे इस निविदा के साथ संलग्न किया है?** हाँ / नहीं

यदि हॉ तो ड्राफ्ट संख्या ............... दिनॉक ......................एवं बैंक का नाम ................................................

मैने निविदा सम्बन्धी सभी नियम व शर्ते पढ़ ली है तथा वे सभी जिसमें निविदाओं की अस्वीकृति भी सम्मिलित है मान्य है।

**हस्ताक्षर निविदाकर्ता**
पूरा नाम एवं पता (पिन कोड एवं फोन सहित)
......................................................................................
......................................................................................
......................................................................................
मोबाइल नं0...............................................................

अनुलग्नक–1
(एक अलग लिफाफे मे रखा जाय)

## वित्तीय बोली (Financial Bid)

सेवा में,
प्रभारी, सम्पदा अधिकारी
भा0 प्रौ0 सं0, कानपुर।

विषयः– संस्थान के संकाय भवन एवं परिसरवासियों का घरेलू उपयोग किया हुआ सामान, रद्दी कबाड़ इत्यादि के खरीद हेतु।

महोदय,

मैने आपकी निविदा संख्या 20/2019-20 दिनांक 27.11.2019 के सम्बन्ध में आपकी निविदा आपके विचारार्थ प्रस्तुत करता हूँ जोकि निम्नलिखित हैः

### सर्वाधिक मूल्य दर जो निविदादाता देना चाहते है

| क्र.सं. | विवरण | मात्रक | वेट फैक्टर | सर्वाधिक मूल्य दर (रु.) | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | अंको में | शब्दो में |
| 1. | समाचार पत्र अंग्रेजी | प्रति कि.ग्रा. | 10 | | |
| 2. | समाचार पत्र हिन्दी | प्रति कि.ग्रा. | 10 | | |
| 3. | हिन्दी अंग्रेजी पुस्तिकाएं | प्रति कि.ग्रा. | 8 | | |
| 4. | जेईई / गेट विभाग की विवरण पुस्तिकाएं एवं अन्य | प्रति कि.ग्रा. | 4 | | |
| 5. | बच्चों की कॉपी किताबें | प्रति कि.ग्रा. | 4 | | |
| 6. | कटा हुआ कागज | प्रति कि.ग्रा. | 5 | | |
| 7. | तेल / घी पात्र प्लास्टिक (एक कि.ग्रा.) | प्रति नग | 1 | | |
| 8. | तेल / घी पात्र प्लास्टिक (दो कि.ग्रा.) | प्रति नग | 1 | | |
| 9. | तेल / घी पात्र प्लास्टिक (पांच कि.ग्रा.) | प्रति नग | 1 | | |
| 10. | तेल / घी पात्र प्लास्टिक (पन्द्रह कि.ग्रा.) | प्रति नग | 1 | | |
| 11. | तेल / घी पात्र टिन (एक कि.ग्रा.) | प्रति नग | 1 | | |
| 12. | तेल / घी पात्र टिन (दो कि.ग्रा.) | प्रति नग | 1 | | |
| 13. | तेल / घी पात्र टिन (पांच कि.ग्रा.) | प्रति नग | 1 | | |
| 14. | तेल / घी पात्र टिन (सोलह कि.ग्रा.) | प्रति नग | 1 | | |
| 15. | जूट का बोरा (ग्रेड ए) | प्रति कि.ग्रा. | 1 | | |
| 16. | जूट का बोरा (ग्रेड बी) | प्रति कि.ग्रा. | 1 | | |

| क्र.सं. | विवरण | मात्रक | वेट फैक्टर | सर्वाधिक मूल्य दर (रु.) | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | अंको में | शब्दो में |
| 17. | जूट का बोरा (ग्रेड सी) | प्रति कि.ग्रा. | 1 | | |
| 18. | कांच की बोतल | प्रति कि.ग्रा. | 1 | | |
| 19. | प्लास्टिक की बोतल | प्रति कि.ग्रा. | 3 | | |
| 20. | प्लास्टिक का अन्य सामान | प्रति कि.ग्रा. | 3 | | |
| 21. | लोहा/सरिया | प्रति कि.ग्रा. | 4 | | |
| 22. | कूलर बाडी | प्रति कि.ग्रा. | 4 | | |
| 23. | तांबा व तांबे का सामान | प्रति कि.ग्रा. | 2 | | |
| 24. | पीतल व पीतल का सामान | प्रति कि.ग्रा. | 2 | | |
| 25. | लकड़ी की पैकिंग | प्रति कि.ग्रा. | 1 | | |
| 26. | अन्य सामान (शीशा, थर्मोकोल, आदि) | प्रति कि.ग्रा. | 1 | | |

**दिनांकः.............................**

निविदादाता के हस्ताक्षर..........................................

पूरा नाम, पता व मोबाइल नंबर............................

.....................................................................................

.....................................................................................

.....................................................................................